


नवभारत
भोपाल, मंगलवार 24 मार्च 2026


# भूसे से भरा ट्रक पलटा, हाइवे पर लगा जाम

## प्रतिबंध के बाद भी हो रहा है भूसे का परिवहन





**सलामतपुर, 23 मार्च. भोपाल-विदिशा स्टेट हाइवे 18 पर देहरी के पास सोमवार को भूसे से भरा एक ओवरलोड ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया. हादसे के बाद हाइवे पर लंबा जाम लग गया, जिसमें कई वाहन फंस गए. वाहन चालकों को घंटों तक परेशानी का सामना करना पड़ा.**

घटना की सूचना मिलते ही मौके पर क्रेन पहुंचाई गई और काफी मशक्कत के बाद ट्रक को सड़क किनारे किया गया.इसके बाद धीरे-धीरे यातायात बहाल हो सका बताया जा रहा है कि ट्रक सागर से इंदौर की ओर भूसा लेकर जा रहा था.इस हाइवे पर ओवरलोड ट्रक, डंपर, ट्रैक्टर ट्रॉली आदि वाहन सड़क पर तेज रफ्तार में दौड़ते हुए दुर्घटनाओं को न्यौता दे रहे हैं. पुलिस एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों द्वारा इनके खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जाती जिससे वाहन चालकों के हौसले बुलंद हैं. हद तो तब हो जाती है जब भूसे से भरे ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉली पर ही लोग बैठे हुए नजर आते हैं. इस दौरान अगर कोई व्यक्ति बिजली की हाईटेंशन लाइट की चपेट में आ जाए तो बड़ा हादसा हो सकता है. सलामतपुर थाने के बेरखेड़ी चौराहा, दीवानगंज में रोजाना सैकडों ट्रक, डंपर व ट्रैक्टर ट्रॉलियां क्षमता से अधिक मात्रा में भूसा भरकर ले जाते हैं. प्रशासन द्वारा 30 जून तक जिले में चारा-भूसा के निर्यात पर प्रतिबंध लगाया जा चुका है, इसके बाद भी खुलेआम भूसा ले जाया जा रहा है.

### इनका कहना है

तेज रफ्तार व ओवरलोड भूसे के ट्रकों पर कार्रवाई होना आवश्यक है. ये ओवरलोड ट्रक अंधी रफ्तार से निकलते हैं. जिसकी वजह से क्षेत्र में दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं .और इसके साथ ही इनके परमिट निरस्त किए जाएं.

**सुरेंद्र मेहरा,** अध्यक्ष बेरोजगार मजदूर संगठन

जिले सहित सलामतपुर में भूसे का परिवहन निरंतर हो रहा है. रायसेन आरटीओ जानकारी होने के बाद भी ऐसे वाहनों पर कार्रवाई करने से कतरा रहे है .जबकि रायसेन आरटीओ हाइवे 18 और एनएच 146 पर प्रतिदिन वाहन चैकिंग कर रहे हैं. फिर भी उनको भूसे के ओवरलोड ट्रक नज़र नही आ रहे हैं.

**अशोक त्रिपाठी,** समाजसेवी राताताई सलामतपुर

स्थानीय ग्रामीणों ने कई बार शिकायत के माध्यम से अफसरों को इस समस्या से अवगत कराया है .लेकिन समस्या का समाधान संभव नही हो सका. भोपाल-विदिशा स्टेट हाइवे 18 के सलामतपुर से दिन रात निकल रहे भूसे के ट्रकों पर कार्रवाई होनी चाहिए।

**नीरज जैन बंटी भैया,** व्यापारी सलामतपुर

### क्षेत्र में भूसे का रकबा हो रहा है कम

दो साल से किसान दलहनी फसलों की पैदावार कर रहे हैं, जिससे भूसे का रकबा कम हो रहा है. पशु पालकों 800 से 1000 रुपए प्रति क्विंटल दर पर भूसा खरीदना पड़ रहा ह. पशुपालक राकेश मीणा, शैतान मीणा, सुमित और सर्जन पाल ने बताया कि बारिश में भूसा के दाम मे 1 हजार रुपए क्विंटल तक पहुंच गए थे.

# सैकड़ों एकड़ सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा

### प्रशासन नहीं कर रहा कोई कार्यवाही

**बाड़ी, 23 मार्च. निजी भूमि से अवैध कब्जे हटाने का आदेश देने वाला राजस्व विभाग अपनी ही भूमि से अवैध कब्जे नहीं हटा पा रहा है. नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक शासकीय गोहे और सैकड़ों एकड़ भूमि अवैध कब्जे में है. तहसील मुख्यालय के अमुमन सभी शासकीय गोहों पर अवैध कब्जा है. इन गोहों पर कहीं पक्के आवास तो कहीं व्यावसायिक प्रतिष्ठान बन गए हैं. गेट लगाकर बेरोकटोक कब्जे किए जा रहे हैं.प्रशासन की उदासीनता से गोहे निजी संपत्ति में तब्दील से रहे हैं.**

इन गोहों पर रसूखदार, पूंजीपति एवं सत्ता संरक्षण प्राप्त लोगों का कब्जा है. नगरीय सीमा में स्थित शासकीय कार्यालयों, स्कूलों यहां तक कि सांदिपनी विद्यालय की भूमि पर अवैध कब्जे हैं.

ग्रामीण क्षेत्रों में तो सैकड़ों एकड़ शासकीय भूमि पर सालों से लोगों का कब्जा है. किसानों को अपने खेतों में आवागमन में परेशानी हो रही है. किसान तहसीलदार को आवेदन के माध्यम से अवैध कब्जे हटाने की कई बार मांग कर चुके हैं लेकिन कार्रवाई नहीं की गई.

### इनका कहना है

गोहों पर कब्जे के संबंध में शिकायत नहीं मिली है. हल्का पटवारी ने भी कब्जे के संबंध में रिपोर्ट नहीं दी है. कोई शिकायत मिलती है तो कार्यवाही कर अवैध कब्जों को हटाया जाएगा.

**सुनील शर्मा,** तहसीलदार बाड़ी

## एक नजर में



### शक्ति माता मंदिर में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित

**उदयपुरा.** लक्ष्मी चौक में शक्ति माता मंदिर प्रांगण में प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी चैत्र नवरात्र पर मां दुर्गा की प्रतिमा की स्थापना की गई है. झांकी की आकर्षक साज-सज्जा की गई है. शाम को दर्शन करने के श्रद्धालुओं की भीड़ लग जाती है. नगर में कई स्थानों पर घट स्थापना के साथ जवारे बोऐ हैं, जहां विधि विधान के साथ पूजा अर्चना एवं धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं. उदयपुर के निकटतम ग्राम बोरास में सिलवानी, बेगमगंज से प्रतिदिन श्रद्धालु सरे भरते हुए मां नर्मदा में स्नान के लिए पहुंच रहे हैं. सरे भरने का क्रम नवरात्रि में 9 दिन चलता है.

### छेड़छाड़ का विरोध करने पर महिला का सिर फोड़ा

सलामतपुर, 23 मार्च. घर जा रही एक महिला को बदमाश ने अकेला पाकर बाल पकड़कर छेड़छाड़ कर दी. महिला के विरोध करने पर युवक ने पत्थर मारकर सिर फोड़ दिया. महिला को गंभीर हालत में रेफर किया गया. पुलिस के अनुसार फरियादी भूरी बाई पत्नी नंदकिशोर अहिरवार 30 वर्ष निवासी दीवानगंज वेलस्पन कंपनी में काम करती है. शाम के समय महिला भूरी बाई अपने घर जा रही थी.रास्ते में खिलान सिंह लोधी के घर के पास आरोपी रामबाबू लोधी छेड़छाड़ करने लगा और पुरानी बातों को लेकर गाली-गलौच करने लगा. भूरी बाई ने जब इसका विरोध किया तो रामबाबू ने पत्थर उठाकर भूरी बाई के सिर में मार दिया. जिससे महिला लहूलुहान हो गई.सलामतपुर थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी ने बताया कि पुलिस ने आरोपी रामबाबू लोधी निवासी जमुनिया गांव के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है.



### मोटरसाइकिल फिलसने से युवक हुआ घायल

**सलामतपुर.** भोपाल-विदिशा स्टेट हाइवे-18 पर दीवानगंज क्षेत्र में रविवार रात करीब 12 बजे नाना ढाबा के आगे एक मोटरसाइकिल फिसलकर गिर गई, जिससे बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया.हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची और तत्काल 108 एंबुलेंस की मदद से घायल युवक को सांची सिविल अस्पताल भेजा. घायल युवक की पहचान सीताराम के रूप में हुई है, जो बैरसिया के पास स्थित ग्राम लहर का निवासी है.बताया जा रहा है कि वह अपनी ससुराल, दीवानगंज के पास देहरी जा रहा था, तभी रास्ते में यह हादसा हो गया.फिलहाल युवक का उपचार जारी है और उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है. पुलिस मामले की जांच कर रही है.



### मनोज धानक का नवोदय विद्यालय में चयन

**बाड़ी.** स्थानीय साईं ज्ञान मंदिर हाई स्कूल के छात्र मनोज धानक ने जवाहर नवोदय विद्यालय की चयन परीक्षा में सफलता प्राप्त की है. मनोज धानक शुरू से ही एक मेधावी और अनुशासित छात्र रहे हैं. स्कूल के शिक्षकों ने बताया कि छात्र की कड़ी मेहनत और शिक्षकों द्वारा समय-समय पर दिए गए विशेष दिशा-निर्देशों के चलते ही यह उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त हुआ है. इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर स्कूल के प्राचार्य एवं समस्त शिक्षको ने मनोज के उज्जवल भविष्य की कामना की है.



## ट्रक की टक्कर से ट्रांसफार्मर गिरा, बिजली सप्लाई हुई ठप

**सलामतपुर, 23 मार्च. दीवानगंज में जय गिरिराज गार्डन के पास सोमवार दोपहर करीब एक बजे एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब एक तेज रफ्तार ट्रक सड़क किनारे लगे बिजली ट्रांसफार्मर से टकरा गया. टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रांसफार्मर नीचे गिर गया और इलाके की बिजली सप्लाई पूरी तरह बाधित हो गई.**



जानकारी के अनुसार, ट्रक मुंबई से मंडीदीप की ओर जा रहा था.ट्रक चालक रास्ता भटक जाने के कारण दीवानगंज के पास वाहन मोड़ने का प्रयास कर रहा था, इसी दौरान ट्रक अनियंत्रित होकर ट्रांसफार्मर से जा टकराया. हादसे के समय आसपास लोगों की आवाजाही थी, लेकिन राहत की बात यह रही कि किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई.घटना की सूचना मिलते ही बिजली विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंचे और तत्काल सुधार कार्य शुरू किया गया.

## 1 अप्रैल से ई-अटेंडेंस होगी अनिवार्य

### डीईओ ने जारी किए दिशा-निर्देश

**सिलवानी 23 मार्च. नवीन शिक्षा सत्र 2026-27 के सुचारू संचालन को लेकर जिला शिक्षा विभाग ने मैदानी अमले को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं. विभाग ने सभी कार्यों का समयबद्ध एवं व्यवस्थित क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं. विभाग ने स्पष्ट किया है कि आगामी सप्ताह में पुन: समीक्षा कर जवाबदेही तय की जाएगी.**

डीईओ डीडी रजक ने निर्देशित किया है कि 1 अप्रैल को सभी स्कूलों में प्रवेश उत्सव उत्साहपूर्वक मनाया जाए. कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाए और उनसे उत्सव का शुभारंभ कराया जाए. साइकिल एवं पुस्तक वितरण जैसे कार्य किए जाएं. व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया जाए.सत्र प्रारंभ होते ही पुस्तक वितरण शुरू किया जाए. डीईओ ने निर्देश दिए हैं कि पोर्टल एंट्री भी 1 अप्रैल से अनिवार्य रूप से शुरू की जाए. जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएं.वर्षा ऋतु के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग की योजना तैयार की जाए. मध्यान्ह भोजन वितरण कार्यक्रम व्यवस्थित रूप से कराया जाए.डीईओ ने ई-अटेंडेंस को 1 अप्रैल से अनिवार्य किया है. संकुल प्राचार्यों को इसकी नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए गए हैं.सभी कर्मचारियों की सेवा पुस्तिका का अद्यतन समय पर पूर्ण करना भी अनिवार्य किया गया है.

### भुगतान प्रमाण पत्र भी समय पर तैयार करें

प्रशासनिक कार्यों के अंतर्गत लोकसेवकों के अवकाश का 3.0 पोर्टल पर संधारण, ओटीआर कार्य, तथा समग्र शिक्षा के अंतर्गत छात्रवृत्ति की स्वीकृति, प्रोफाइल अपडेट, फेल खातों का सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं. इसके अलावा अतिथि शिक्षकों के भुगतान प्रमाण पत्र भी समय पर तैयार करने को कहा गया है.

## कायस्थ समागम में शामिल होने दिए पीले चावल

**उदयपुरा, 23 मार्च. अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की रायसेन जिले की इकाई द्वारा 5 अप्रैल बाड़ी नगर में कायस्थ समागम का आयोजन किया जा रहा है. कायस्थ परिवारों को इसमें शामिल होने के लिए घर-घर जाकर पीले चावल डालकर निमंत्रण दिये जा रहे हैं.**





उदयपुरा नगर में रायसेन जिले के पदाधिकारियों ने पहले बीजेपी मंडल अध्यक्ष अभिषेक श्रीवास्तव के निवास पर एक बैठक में विचार-विमर्श किया. इसके बाद कायस्थ बंधुओं के घर में पीले चावल रखकर समागम में शामिल होने का न्योता दिया. इस अवसर पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष रामगोपाल श्रीवास्तव, जिला अध्यक्ष रामकृपाल श्रीवास्तव, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजनैतिक प्रकोष्ठ अमित श्रीवास्तव, चित्रांश अभिषेक श्रीवास्तव, कायस्थ महासभा के किसान प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मणिकांत श्रीवास्तव, उदयपुरा के कायस्थ महासभा के ब्लॉक अध्यक्ष राहुल श्रीवास्तव,एवं मनीष श्रीवास्तव उपस्थित थे.

## सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों को शीघ्र निपटाया जाए : कलेक्टर

**रायसेन, 23 मार्च. कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक में कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा ने सीएम हेल्पलाइन, विभागीय कार्यो और योजनाओं की साप्ताहिक प्रगति, जल गंगा संवर्धन अभियान सहित अन्य कार्यक्रमों की समीक्षा की.**

कलेक्टर सीएम हेल्पलाइन निराकरण में रायसेन जिले के पुन: प्रथम स्थान पर रहने पर अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि जो सीएम हेल्पलाइन शेष रह गई है, उनका भी शीघ्र निराकरण किया जाए. लोक सेवा गारंटी अधिनियम के आवेदनों की समीक्षा करते हुए सभी एसडीएम और तहसीलदार से कहा कि लंबित 28 प्रकरणों का आज ही त्वरित निराकरण कराएं. कलेक्टर ने सभी एसडीएम और तहसीलदारों को नामांतरण, बंटवारा तथा सीमांकन सहित अन्य राजस्व प्रकरणों का समयावधि में निराकरण कराने के निर्देश दिए.

### श्रीरामनवमी पर प्राकट्य पर्व 27 को आयोजित

**रायसेन, 23 मार्च.** संस्कृति विभाग द्वारा श्रीराम जन्मोत्सव की गरिमा अनुरूप, धार्मिक एवं पौराणिक मान्यताओं को दृष्टिगत रखते हुए प्राकट्य पर्व का आयोजन किया जा रहा है. 27 मार्च को सायं 7 बजे से अहमदपुर, बरेली में आयोजित कार्यक्रम में सांस्कृतिक स्वरूपों में श्रीराम की महिमा देखने को मिलेगी. कार्यक्रम में सर्वप्रथम बुन्देली लोक गायन की प्रस्तुति दीपिका पुरोहित, भोपाल द्वारा दी जाएगी. इसके बाद 'शबरी' नाटक की प्रस्तुति होगी.

## मां कंकाली मंदिर में 111 साल से अखंड ज्योत

**रायसेन, 23 मार्च. रायसेन जिला मुख्यालय से लगभग 28 किलोमीटर दूर भोजपुर विधानसभा के ग्राम गुदावल में स्थित मां कंकाली के दरबार के बारे में कहा जाता है कि यहां भक्तों की हर मनोकामना पूरी होती है.**

सामान्य तौर पर यहां मां की गर्दन टेढ़ी रहती है, लेकिन दशहरे के दिन हवन के बाद कुछ क्षण के लिए मां की गर्दन सीधी हो जाती है. ग्रामीणों के अनुसार गांव के पटेल हरलाल मीणा को मां ने सपना दिया और इस स्थान पर खुदाई कर मूर्ति निकालकर स्थापना करने की बात कही थी. उसके बाद पटेल हरलाल मीणा ने सन 1731 में इसी जगह खुदाई कराई तो मां कंकाली के साथ ब्रह्मा विष्णु महेश की मूर्ति भी निकली थी. हरलाल मीणा ने सभी मूर्तियों के साथ मां कंकाली की मूर्ति निकलवाई और उनको यहां विराजमान किया. तब से लेकर आज तक मां भक्तों की हर मनोकामना पूरी करती आ रही हैं.

कहा जाता है कि एक बार कुछ चोरों ने मां कंकाली के इस मंदिर में चोरी कर ली. उसके बाद उनकी आंखों की रोशनी चली गई, लेकिन जब उन्होंने इस दरबार में आकर अपनी गलती मानी और मां कंकाली के दरबार में पहुंचकर माफी मांगी. तब जाकर उनकी आंखों की रोशनी वापस आई.

### ग्राम गुदावल में है यह ढाई सौ साल पुराना मंदिर



मंदिर के पुजारियों का दावा है कि जिन महिलाओं की गोद सूनी होती है यहां आकर उनकी गोद भर जाती है. वहीं लोग अपने बिगड़े कामों की हाजिरी लगाने भी आते हैं और मन्नत का काम पूरा होने पर माँ का धन्यवाद करने भी यहां पहुंचते हैं. इस मंदिर के बारे में बताया जाता है कि इस मंदिर में लगभग 111 साल से अखंड ज्योति जल रही है, जो सदा जलती रहती है.



## राम कथा को सुनने वाला ही कृष्ण कथा सुनने का अधिकारी : शास्त्री

**उदयपुरा, 23 मार्च. नगर की कान्हा सिटी में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा मंच पर श्री रामचरितमानस विद्यापीठ द्वारा संचालित मानस यात्रा के पहुंचने पर सोनी परिवार बारह वाले टीकाराम, देवेंद्र ओमप्रकाश ने अपने परिजनों सहित विद्वानों एवं अतिथिजनों का सम्मान किया.**


राम कथा प्रवक्ता नर्मदा प्रसाद रामायणी ने धनुष यज्ञ की कथा करते हुए कहा कि प्रभु श्री राम अपने नित्य नियमित कर्मों को करते हुए गुरुजनों का आदर कर उनकी आज्ञा अनुसार ही कार्य करते हैं. यह राम की मर्यादा है, भागवत कथा व्यास आचार्य सुरेंद्र शास्त्री ने कहा कि राम कथा का आदर पूर्वक श्रवण करने वाला व्यक्ति ही कृष्ण कथा श्रवण करने का अधिकारी है. मानस प्रवक्ता लक्षण पचौरी, सुदामा शास्त्री, आशीष शास्त्री, कैलाश दुबे ने भी प्रसंग अनुसार दिव्य भाव प्रकट किए. राष्ट्रीय कवि गोविंद गोदानी ने भजन प्रस्तुत किए. संयोजक अधिवक्ता चतुरनारायण रघुवंशी ने बताया कि भागवत कथा के मंच से पूर्व समय में राम कथा के प्रसंगों को श्रवण करने का श्रोताओं को लाभ प्राप्त हुआ, यह अद्भुत संयोग है.

### देशी फ्रिज

### 15 दिन में तीन गुना बढ़ी बिक्री

## गर्मी के बढ़ते ही सिलवानी में मटकों की मांग बढ़ी

**सिलवानी, 23 मार्च. गर्मी के बढ़ते ही इन दिनों में सुराही, मटका सहित अन्य मिट्टी के बर्तनों की मांग बढ़ गई है. कस्बों में मिट्टी के बर्तनों की दुकानें सजी हुई हैं. मिट्टी के इन बर्तनों को खरीदने के लिए ग्राहक भी इन दुकानों की ओर रुख करने लगे हैं. इससे मिट्टी के बर्तन का कारोबार करने वाले काफी खुश नजर आ रहे हैं.**



गर्मी बढ़ने के साथ ही मिट्टी के बर्तनों की बिक्री भी बढ़ने लगी है.इसका कारण यह है कि गर्मी में ठंडा पानी पीने के लिए यह सबसे सस्ता और हर जगह उपलब्ध रहने वाला साधन है. मटका की दुकानों से लोग आ रहे हैं और मनपसंद बर्तन की खरीददारी कर रहे हैं. खास बात यह है कि जिनके घरों में फ्रिज हैं वे लोग भी मटका और सुराही की खरीददारी कर रहे हैं. सुराही 75 से 280 रुपए व मटका 60 से 180 रुपये में उपलब्ध है. मटका केवल गरीबों का फ्रिज ही नहीं, बल्कि इसके पानी की शीतलता और सोंधी महक से भी मन प्रभावित होता है.

तापमान बढ़ते ही लोगों को फ्रिज के साथ अब ठंडे पानी के लिए मिट्टी के मटकों की जरूरत पड़ने लगी हैं.लगातार बढ़ते तापमान के कारण गत 15 दिनों मटकों की बिक्री तीन गुना तक बढ़ गई है.नगर के प्रमुख स्थल पुराना बस स्टैंड के साथ मिट्टी के बर्तन बनाने वालो के घर पर मिट्टी के मटके बिक रहे हैं.वहीं दुकानदार ग्राहकों की मांग के अनुसार भंडारण करने में लगे हैं.

### मिट्टी के मटके से कोई नुकसान नहीं

लोगों का कहना है कि गर्मी में मटके का पानी पीने से नुकसान नहीं होता है .वहीं डॉक्टर भी फ्रिज की जगह मिट्टी के मटके का ठंडा पानी पीने की सलाह दे रहे हैं. गर्मी शुरू होते ही लोग दुकानों पर पहुंचकर मिट्टी के मटके खरीदने में लगे हैं .इस बार महंगाई का असर घड़े पर भी हुआ है.

### अग्निवीर की भर्ती के लिए आवेदन 1 अप्रैल तक जमा होंगे

**रायसेन.** सेना भर्ती कार्यालय भोपाल से से मिली जानकारी अनुसार भारतीय सेना में अग्निवीर पदों पर भर्ती हेतु अधिसूचना को जारी की गई है. यह अधिसूचना भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट .www. joinindianarmy.nic.in पर उपलब्ध है. सेना में भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 13 फरवरी से प्रारंभ हो गई है, जो 01 अप्रैल तक खुली रहेगी. इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी निर्धारित समयावधि के भीतर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं. ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम 01 जून से 10 जून के बीच होने की संभावना है.

### जिले में निजी नलकूप और हैंडपंप खनन पर प्रतिबंध

**रायसेन, 23 मार्च.** कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर मनोज उपाध्याय ने मप्र पेयजल परिरक्षण अधियिम 1986 के तहत तत्काल प्रभाव से रायसेन जिले को 30 जून तक जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित कर दिया है. मप्र पेयजल परिरक्षण अधिनियम के तहत नए निजी नलकूप, ट्यूबवेल खनन पर प्रतिबंध लगाया गया है. नलकूप,बोरिंग मशीन संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व की अनुमति के बिना न तो प्रवेश करेगी न खनन.